## पड़ोसी उमरिया जिले का आरोपी बरही थाना क्षेत्र में था सक्रिय, पुलिस ने किया गिरफ्तार

# फरार स्थायी वारंटी कर रहा था चोरी, दो बाइकें बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बरही पुलिस ने एक बदमाश से चोरी की दो मोटर साइकिलें बरामद की है। पूछताछ में पता चला कि पड़ोसी उमरिया जिले का फरार स्थायी वांरटी बरही थाना क्षेत्र में बाइक चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहा था।

बरही थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह यादव ने बताया कि एसपी अभिजीत कुमार रंजन के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस विजयराघवगढ के.पी. सिंह के व्दारा लगातार अपराध एवं अपराधियो की धडपकड हेतु निर्देशित किया गया है।

एक अप्रैल को सत्यनारायण वंशकार निवासी बरही के ने विजयराघवगढ मार्ग से मोटर सायकिल क्रमांक एम.पी. 21 एम.क्यू. 1907 चोरी हो जाने रिपोर्ट थानें दर्ज करायी। इसी तरह नगर परिषद बरही कार्यालय के सामने से मोटर सायकिल क्रमांक एम.पी. 21 एम.जी. 5715 मोटर सायकिल चोरी होने की रिपोर्ट संजीव सिंह चंदेल ने 2 अप्रैल को दर्ज करायी थी। बाइक चोरी की घटनाओं की जानकारी लगते ही बरही पुलिस ने तत्काल संज्ञान लेते हुए थाना प्रभारी के नेतृत्व में टीम गठित कर चोरी गयी मोटर सायकिल की



तलाश शुरू की गई।

टीम के द्वारा बरही कस्बा एवं आस आस के गांवो मे मोटर सायकिल की तलाश की गयी। साथ ही सीसीटीवी केमरे शहर के खंगाले गये। मुखबिर की सूचना पर संदेही रिंकू उर्फ दिनेश तिवारी पिता सुरेन्द्र तिवारी निवासी कुनिया से पूंछतांछ करने पर उसने बताया कि मेरे व्दारा विजयराघवगढ रोड बरही सीटू तिवारी की दुकाने के सामने से एक मोटर सायकिल चोरी की है जो कुनिया में मंदिर के पास छिपाकर रखी है। एवं नगर परिषद कार्यालय बरही के सामने से चोरी गयी मोटर सायकिल को श्री बाबू क्रेसर के पीछे छिपाकर रखा हूं।

आरोपी से दोनो मोटर सायकिले कीमती 1 लाख 10 हजार की बरामद कर आरोपी के विरुध्द वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय पेश किया गया है।

कार्यवाही में थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह यादव, उप निरी. विनोदकांत, स.उ.निरी. रामसखा वर्मा, आर. विवेक श्रीवास्तव, वाहन चालक संजय पाडेय आदि थाना स्टाफ

## स्मैक बेचने की फिराक में घूम रही महिला को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नशे के कारोबार में अब महिलाएं भी बराबर अपनी सक्रियता बना रही हैं। स्मैक, गांजा और शराब के अवैध व्यापार में बीते कुछ समय से पुलिस द्वारा जो भी कार्यवाही की गई उसमें सर्वाधिक मामलों में महिलाएं मादक पदार्थों की तस्करी करते हुए पकड़ी गई।

कोतवाली पुलिस ने खिरहनी क्षेत्र में स्मैक बेचने की फिराक में घूमते हुए एक महिला को रंगे हाथों की गिरफ्तार किया। महिला को गिरफ्तार करने के बाद कोतवाली पुलिस स्मैक तस्करी व विक्रय से जुड़े अन्य लोगों के संबंध में साक्ष्य एकत्र करने में जुटी हुई है।

कोतवाली प्रभारी आशीष शर्मा ने बताया कि एसपी अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया व नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली एवं चौकी प्रभारी खिरहनी फाटक के नेतृत्व में टीम द्वारा लोकसभा चुनाव एवं आगामी त्योहार के मद्दे नजर निरंतर क्षेत्र में भ्रमण कर अवैध गतिविधियों की रोकथाम हेतु कार्यवाही की जा रही है। मुखबिर की सूचना पर चौकी खिरहनी फाटक क्षेत्र अंतर्गत बैंकटवार्ड में एक महिला पूजा निषाद पति लब्बू उर्फ गजाधर निषाद 27 साल निवासी बैंकटवार्ड को स्मैक बेचने की फिराक में घूमते हुए पकड़ा गया। पकड़ी गई महिला के कब्जे से 4 ग्राम मादक पदार्थ स्मैक कीमती 40 हजार की जप्त कर उसके खिलाफ धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीकृत किया गया है।

### कार्यवाही में ये रहे शामिल

कार्यवाही में थाना प्रभारी आशीष कुमार शर्मा, चौकी प्रभारी उनि कुलदीप सिंह, प्र आर सुधीर मिश्रा, प्र आर सुनील सिंह, आर विवेक मिश्रा, आर प्रवीण सिंह, आरक्षक आशीष सोनी एवं एन आर एस निधि चौरसिया और राजेंद्र चौधरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## खबर संक्षेप



### 8550 रूपए की देशी शराब की गई जब्त

**कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया व हेडक्वाटर डीएसपी उमराव सिंह के निर्देशन मे एसएसटी टीम विलायतकला द्वारा चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति मनीष पिता फूलचंद पटेल 29 साल निवासी रुपोंद के कब्जे से 50 पाव प्लेन शराब कीमती 5000 रु की जप्त की गई। इसके अतिरिक्त एफएसटी टीम के द्वारा ग्राम बंदरी से रामप्रसाद पिता लालमन गोंटिया उम्र 60 वर्ष निवासी बंदरी के कब्जे से 95 पाव देशी शराब कीमती 8550 रु की भ्रमण के दौरान जप्त की गई।

### चुनाव में अनुमति प्राप्त करने सुविधा पोर्टल का करें उपयोग

**कटनी।** लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी द्वारा प्रचार-प्रसार के समय उपयोग किये जाने वाले वाहनों, रैली एवं जुलूस, सभा आदि की अनुमति सिंगल विंडो से प्राप्त की जा सकती है। भारत निर्वाचन आयोग ने सभी चुनावी अनुमतियों को संसाधित करने के लिए एकल खिड़की के लिए 'सुविधा पोर्टल' नामक एक एप्लिकेशन लॉन्च किया है। यह एप्लिकेशन उम्मीदवार और सीमित कार्यक्षमता वाले राजनीतिक दलों के लिए तैयार किया गया है। यह एक वेब-आधारित एप्लिकेशन है जो अनुमति आवेदन भरने का विकल्प प्रदान करता है। राजनीतिक दल या उम्मीदवार अपने मोबाइल नंबर का उपयोग करके आसानी से एक प्रोफ़ाइल बना सकते हैं। एक बार प्रोफ़ाइल बन जाने के बाद, वे ऑनलाइन मोड के माध्यम से अनुमति अनुरोध सबमिट कर सकते हैं। यदि कोई राजनीतिक दल संबंधित अधिकारियों को भौतिक अनुमति अनुरोध प्रस्तुत करता है, तो वह सिस्टम में ऑफ़लाइन प्राप्त अनुमति को भी डिजिटल कर देगा। सभी डिजिटलीकृत अनुमति एवं ऑनलाइन प्राप्त अनुमति अनुरोध को इनकोर प्रणाली के माध्यम से अनुमोदन हेतु विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारी एवं नोडल अधिकारी को भेजा जाएगा। ईसीआई ने अन्य विभागों के नोडल अधिकारियों को अलग से एक नोडल ऐप प्रदान किया है जिनकी किसी भी अनुमति के अनुमोदन से पहले सहमति आवश्यक है।

### आधार से ई-केवाईसी का पूर्ण कराने शिविर आज से

**कटनी।** समग्र पोर्टल में नागरिकों के समग्र आईडी का आधार के साथ शत-प्रतिशत ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण नहीं होने से नगर के समस्त 45 वार्डो में पुनः 4 अप्रैल से 16 अप्रैल तक प्रातः 10 बजे से 6 बजे तक शिविर लगाये जावेंगे। निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल ने शिविरों की व्यवस्था के लिए अधिकारी/कर्मचारियों को दायित्व सौंपे है एवं उपायुक्त पवन कुमार अहिरवार को प्रभारी अधिकारी तथा योजना प्रभारी रविशंकर पाण्डेय को शिविर सहायक प्रभारी बनाया है। दस्तावेजों सहित शिविर स्थल पर पहुंचकर समग्र आईडी का आधार से ई.केवाईसी करावें।

### बूथ लेवल अवेयरनैस ग्रुप की बैठक 6 को

**कटनी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से बूथ लेवल अवेयरनैस ग्रुप का गठन किया गया है। जिसकी बैठक 6 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से आडिटोरियम बस स्टेण्ड कटनी में आयोजित की गई है। निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल नें आयोजित बैठक की संपूर्ण व्यवस्था का दायित्व प्रभारी अधिकारी जागेश्वर पाठक राजस्व अधिकारी को प्रदान कर पयेजल व्यवस्था, साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था सहित बैठक की सूचना से संबंधितों को अवगत कराने हेतु विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों को दायित्व सौपा है।

### कर्तव्य प्रमाण पत्र से कर सकेंगे मतदान

**कटनी।** भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव ड्यूटी पर तैनात अमले को मतदान की सुविधा प्रदान किये जाने के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किये हैं। चुनाव ड्यूटी पर तैनात वे सभी लोग जो उस स्थान पर मतदान नहीं कर सकते जहाँ मतदाता सूची में उनके नाम दर्ज हैं, उन्हें डाक मत पत्र अथवा चुनाव ड्यूटी प्रमाण-पत्र (इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट) के माध्यम से यह सुविधा प्रदान की जायेगी। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार यदि किसी कर्मचारी की चुनाव ड्यूटी उसी चुनाव क्षेत्र में लगती है जहाँ का वह मतदाता है तो उसे चुनाव ड्यूटी प्रमाण-पत्र से यह सुविधा प्रदान की जायेगी। इस सुविधा के तहत वह चुनाव ड्यूटी प्रमाण-पत्र के माध्यम से उसी मतदान केन्द्र में मतदान कर सकेगा जहां उसे ड्यूटी के लिए तैनात किया गया है। यदि किसी कर्मचारी की चुनाव ड्यूटी उस चुनाव क्षेत्र में लगती है जहाँ का वह मतदाता नहीं है, तब उसे डाक मतपत्र के माध्यम से यह सुविधा प्रदान की जायेगी। निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र अथवा डाक मतपत्र सुविधा का लाभ निर्वाचन कार्य में संलग्न कर्मचारी उन्हें दिये जाने वाले प्रशिक्षण के दौरान निर्धारित प्रपत्र में आवेदन भरकर उठा सकते हैं।

*शिकायत करने के बाद भी नहीं किया जा रहा सुधार कार्य*

## बनहाई मोहल्ले में लगे 2 हैंडपंप बंद, पानी के लिए ग्रामीण हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

इन दिनों भीषण गर्मी में ग्रामीण पीने के पानी के लिए परेशान है। कई गांवों में पीने के पानी लेने के लिए लोगों को बहुत दूर जाना पड़ रहा है। उमरियापान के बनहाई मोहल्ले में लगे दो हैंडपंप बीते कई महीने से खराब पड़े हुए हैं। ग्रामीणों ने जिम्मेदारों से कई बार गुहार लगाई गई, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ है। मोहल्ले वासियों ने बताया कि यहाँ लगे दोंनो हैंड से बंद है। जिसे सुधारा नहीं जा सका है। हेंडपंप बंद होने से ग्रामीणों को पानी के लिए परेशान होना पड़ता है। हैंडपंप लगे होने से मोहल्ले के लोग पानी भरते थे। घरेलू निस्तार के अलावा पीने के रूप में भी पानी का उपयोग करते थे। हैंडपंप बन्द होने से पीने के लिए ग्रामीण आस पास के लोगों से और बोरिंग से पानी लेने के लिए मजबूर है। इस मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों को भी पानी नहीं मिल पाता है। खेत और



जंगल जाने जाने का मार्ग पर होने के कारण मार्ग से गुजरने वाले लोगों को पीने के पानी की सुविधा थी, लेकिन भीषण गर्मी में हैंडपंप खराब रहने के कारण लोग परेशान हो रहे है हैंडपंप खराब होने से हैंडपंप के आसपास गंदगी का अंबार लगा है। बदबूदार दुर्गंध आ रही है। जिससे ग्रामीणों की परेशानी दोगुनी हो गई है। बनहाई मोहल्ले में शान्तिधाम भी



बना है। बुधवार को चौरसिया परिवार में एक महिला के निधन होने के बाद लोग अंतिम संस्कार के लिए शान्तिधाम पहुँचे। दोंनो हैंडपंप बंद होने के कारण शान्तिधाम पहुँचे लोगों को परेशान होना पड़ा। हैंडपंप बंद होने पर ग्रामीणों ने जिम्मेदार अधिकारियों को अवगत कराया है, जल्द ही सुधार कार्य कराने की मांग किया है।

## मानव श्रृंखला बनाकर मतदान के लिए किया जागरूक



ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए सीएमसीएलडीपी के छात्र–छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली, पोस्टर, दीवार लेखन और मेंहदी लगाकर आदि के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। ढीमरखेड़ा जनपद सीईओ यजुवेन्द्र कोरी के निर्देशन और जन अभियान परिषद विकासखंड समन्वयक बबीता शाह के मार्गदर्शन में सीएमसीएलडीपी के छात्र छात्राओं ने उमरियापान के समीप पकरिया गांव में मानव श्रृंखला बनाकर मतदाताओं को जागरूक किया। हाथों में मतदान सम्बधी स्लोगन लिखें तख्तियां और बैनर लिए छात्र छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर लोगों से बेहतर भारत के लिए मतदान करने की अपील की। विकासखंड समन्वयक बबीता शाह ने सभी पात्र युवाओं से अपना वोट बनवाने और मतदान कर सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में अपनी भागीदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि 1 अप्रैल 2024 को 18 साल की आयु या उससे अधिक के हो रहे किसी युवा ने यदि अभी अपना वोट नहीं बनवाया है तो वह वोट जरूर बनवा लें। इस दौरान जन अभियान परिषद के सेक्टर प्रभारी, सीएमसीएलडीपी परामर्शदाता और छात्र छात्राएं शामिल रहे।

## विद्यार्थियों को हाइड्रोपोनिक्स खेती एवं टमाटर उत्पादन का दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शासकीय महाविद्यालय विजय राघवगढ़ में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत आत्मनिर्भर स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए विद्यार्थियों को जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि बिना मिट्टी के पौधे को पानी के ऊपर उगाने की तकनीक जल संवर्धन या हाइड्रोपोनिक्स कहलाती है इस विधि में मिट्टी की आवश्यकता नहीं होती फसल उत्पादन में वृद्धि तथा कीट एवं रोग कम लगते हैं। हाइड्रोपोनिक्स सेटअप के अंतर्गत घटक कंटेनर ग्रो ट्रे वृद्धि का माध्यम से पोषक तत्व समाधान तथा हाइड्रोपोनिक्स



सेटअप के प्रकार उतार और प्रवाह प्रणाली, पोषक तत्व फिल्म तकनीक, ड्रिप तथा विक सिस्टम, एरोपोनिस्क तथा हाइड्रोपोनिक्स खेती के लाभ का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। टमाटर के जैविक उत्पादन के लिए जलवायु भूमि टमाटर की देसी एवं शंकर किस्म बीज की मात्रा बोनी का समय बीज एवं कल्चर उपचार नर्सरी तथा पौधों की रोपाई जैविक खाद सिंचाई पौधों में मिट्टी चढ़ाना तथा सहारा देना खरपतवार नियंत्रण एकीकृत कीट एवं रोग नियंत्रण तथा फलों की तुड़ाई उपज एवं विपणन आदि का कृषि कार्य माला के अनुसार टमाटर उत्पादन हेतु विस्तृत तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया।

*गर्मी के मौसम में बढ़ने लगी आगजनी की घटनाएं*

## देवरी सनकुई गांव में आग लगने से 20 एकड़ गेहूं की फसल हो गई खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

गर्मी का मौसम शुरू होते ही आगजनी की घटनाएं होने लगी। वुधवार को ढीमरखेड़ा तहसील मुख्यालय से तीन किलोमीटर दूर देवरी गांव के खेतों में गेहूं की खड़ी फसल में आग लग गई। देखते ही देखते आग तेजी से फैलने लगी और करीब 20 से 25 एकड़ की खड़ी गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई।

आग को बुझाने के लिए सैकड़ो ग्रामीण खेतों में उतर पड़े और आग बुझाने की कोशिश करते रहे दो से ढाई घंटा की मस्कट के बाद आज पर काबू पाया गया। हालांकि फायर ब्रिगेड वाहन भी मौके पर पहुँचा। हासिल जानकारी के मुताबिक ढीमरखेड़ा में वुधवार दोपहर को



किसानों के खेतों में गेंहू की खड़ी फसल में आग लग गई। धुंआ उठता देख हड़कंप मच गया। आग लगने का कारण अज्ञात है।

बताया गया आग लगने से देवरी एवं सनकुई के किसान , हेतलाल पटेल जगन्नाथ पटेल विनोद बर्मन केश लाल बर्मन सुशील पटेल नंदकिशोर पटेल उत्तम यादव अनुज कुमार गर्ग सभी किसान देवरी निवासी हैं रमेश पटेल सुखी राम पटेल कौशल लाल पटेल संनकुई निवासी सहित अन्य किसानों की करीब 20 -25 एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। जिससे कि किसानों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।

### मशक्कत से बुझाई आग

खेतों में आग लगा देख किसानों के साथ ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। सभी ने खेतों में लगी आग बुझाने का प्रयास किया। पेडों की टहनियों और निजी बोर की सहायता से पानी का छिड़काव कर कड़ी मशक्कत से आग को बुझाया गया। किसानों ने फायर ब्रिगेड वाहन को भी आग लगने की जानकारी दी। फायर ब्रिगेड वाहन पहुँचा, तब तक कि ग्रामीणों ने आग को काबू में किया। इस मौके पर पुलिस और राजस्व विभाग का अमला भी आग बुझाने में मदद किया। समय पर आग काबू न होती तो किसानों की भारी नुकसान हो सकता था।

## प्रकाश व्यवस्था सहित विद्युत व रंग रोगन का किया जा रहा कार्य

# कलेक्टर के निर्देश पर सुविधाविहीन मतदान केन्द्र में बनी व्यवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले के मतदान केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाओं के विकास एवं विस्तार करने के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद के निर्देश के बाद मतदान केन्द्रों में बुनियादी सुविधाये मुहैया कराने का कार्य अभियान स्वरूप किया जा रहा है। अब तक सुविधाविहीन 63 मतदान केन्द्रों में व्यवस्थित सुविधायें मुहैया कराई जा चुकी है। यह कार्य सतत रूप से जारी है।

इसी क्रम में ग्रामीण क्षेत्र के 11 मतदान केन्द्रों मे नये शौचालय एवं प्रसाधन कक्ष का निर्माण, सहित 18 मतदान केन्द्रों में 11 प्रकार की विभिन्न व्यवस्थाओं का कार्य पूर्ण करा दिया गया है। इसके अतिरिक्त कुल 32 मतदान केंद्रों में विभिन्न कार्यों सहित अन्य मरम्मत कार्य




जैसे विद्युत फिटिंग, प्रकाश व्यवस्था, दरवाजे, छत, रंगाई पुताई लेखन कार्य आदि जारी है।

नोडल अधिकारी पोलिंग पर्सनल वेल्फेयर पूजा द्विवेदी ने बताया कि विजयराघवगढ़ के मतदान केन्द्र क्रमांक 149 प्राथमिक शाला भवन सिनगौडी, नया कमरा 150 कन्या प्राथमिक शाला भवन सिलगौडी व 151 कन्या प्राथमिक शाला भवन सिलगौडी में नवीन शौचालय निर्माण करवाया जा रहा है। जबकि विधानसभा क्षेत्र बड़वारा के मतदान केन्द्र 42 माध्यमिक शाला भवन विलायतकलां एवं मतदान केन्द्र 40 प्राथमिक शाला भवन भवनगुडा में भी नवीन शौचालय निर्माणाधीन है। वहीं रीठी जनपद अतंर्गत प्राथमिक शाला भवन रीठी में भी नवीन शौचालय महिला व पुरूष का कार्य प्रगति पर है। मतदान दलों को मतदान के समय कोई असुविधा न हो इसे ध्यान में रखकर जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशों पर उक्त मरम्मत व निर्माण कार्य करवाए जा रहें है। कलेक्टर के निर्देश पर नगरीय सीमांतर्गत स्थित कुल 198 मतदान केन्द्रों में से 53 मतदान केन्द्रों में 11 प्रकार की विभिन्न व्यवस्थाओं में सुधार हेतु निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल द्वारा 6 मतदान परिसरों में अतिरिक्त शौचालय निर्माण, 2 मतदान परिसर में पानी हेतु कनेक्शन, 3 परिसर में विद्युत कनेक्शन का कार्य करा दिया गया है। इसके अतिरिक्त 7 केन्द्रों में क्षतिग्रसत विद्युत फिटिंग का सुधार कार्य कराया गया है। इस प्रकार कुल 32 मतदान केंद्रों में विभिन्न कार्यों सहित अन्य मरम्मत जारी है।

### बकाया जमा नहीं करने पर जमीन होगी कुर्क

**कटनी।** राजस्व वसूली के कार्य मे तेजी लाने के कलेक्टर के निर्देश पर राजस्व वसूली का कार्य सतत रूप से जारी है। इसी क्रम में बिलहरी क्षेत्र के चिखला ग्राम के वृंदावन कॉलोनी के संजय कुमार श्रीवास्तव द्वारा 2 लाख 34 हजार 252 रूपये की भू - राजस्व बकाया राशि जमा नहीं करने पर राजस्व राशि की वसूली हेतु 30 अप्रैल को प्रातः 11 बजे ग्राम चिखला स्थित खसरा नंबर 389/3 रकवा 2 हेक्टेयर पर बकाया राशि की वसूली हेतु कुर्की की जायेगी। भू - राजस्व वसूली के लिए संबंधित भूमि की सार्वजनिक नीलामी द्वारा बिक्री की जायेगी। यह जानकारी तहसीलदार बिलहरी आशीष चतुर्वेदी द्वारा दी गई।

## कार्यवाहियों से अवगत करानें नोडल अधिकारी को निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा एक आदेश जारी कर नोडल अधिकारी प्रेक्षक को ईवीएम एवं व्हीव्हीपीएटी से संबंधित कार्यवाहियों से प्रेक्षक को अवगत करानें के निर्देश दिए गए है। लोकसभा निर्वाचन हेतु ईवीएम मशीनों की कमीशनिंग एवं सीलिंग हेतु जारी कार्यक्रम के तहत कटनी में सम्मिलित लोकसभा क्षेत्रों में निर्वाचन हेतु ईवीएम संबंधी कार्यवाहियां निर्धारित तिथि वार सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, स्ट्रांग रूम कृषि उपज मंडी में की जाना प्रस्तावित है।

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी आदेशानुसार लोकसभा क्षेत्र शहडोल हेतु 4 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से कार्य समाप्ति तक द्वितीय रेण्डमाईजेशन की सूची अनुसार ईवीएम मशीनों का मतदान केन्द्रवार पेयरिंग एवं संबंधित खांचों में रखे जाने का कार्य किया जायेगा। जबकि लोकसभा क्षेत्र खजुराहो हेतु उक्त कार्य 12 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से किया जायेगा। इसी प्रकार लोकसभा क्षेत्र शहडोल हेतु 5 अप्रैल को प्रातः 9 बजे से बेल इंजीनियर्स की उपस्थिति में ईवीएम सीलिंग, कमीशनिंग की कार्यवाही की जायेगी जबकि लोकसभा खजुराहो क्षेत्र हेतु उक्त कार्यवाही 13 अप्रैल को प्रातः 9 बजे से कार्य समाप्ति तक की जायेगी। अपर कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार लोकसभा शहडोल हेतु 6 अप्रैल को प्रातः 9 बजे से कमीशनिंग की कार्यवाही उपरांत माकपोल की कार्यवाही की जायेगी जबकि लोकसभा खजुराहो हेतु उक्त कार्यवाही 16 अप्रैल को प्रातः 9 बजे से कार्य समाप्ति तक की जायेगी।

खबर संक्षेप

## सशस्त्र पुलिस बल एवं डीएफएमडी उपलब्ध कराने पत्र प्रेषित

**कटनी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के निर्धारित कार्यक्रम अनुसार लोकसभा क्षेत्र शहडोल अंतर्गत बेल इंजीनियर्स की उपस्थिति में ईवीएम मशीनों की सीलिंग, कमीशनिंग की कार्यवाही 5 अप्रैल को प्रातः 9 से कार्य समाप्ति तक की जानी है। कमीशनिंग की कार्यवाही उपरांत 6 अप्रैल को प्रातः 9 बजे से कार्य समाप्ति तक माकपोल की कार्यवाही की जायेगी। जबकि लोकसभा क्षेत्र खजुराहो अंतर्गत ईवीएम मशीनों की सीलिंग, कमीशनिंग की कार्यवाही 13 अप्रैल को प्रातः 9 से कार्य समाप्ति तक की जानी है। कमिशनिंग की कार्यवाही उपरांत 16 अप्रैल को प्रातः 9 बजे से कार्य समाप्ति तक माकपोल की कार्यवाही की जाना प्रस्तावित है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती साधना परस्ते ने पुलिस अधीक्षक को पत्र प्रेषित कर कमीशनिंग एवं माकपोल की कार्यवाही के दौरान फ्रिस्किंग हेतु मय महिला पुलिस सहित सशस्त्र पुलिस बल एवं कमीशनिंग प्रवेश द्वार पर डीएमएफडी उपलब्ध करानें का आग्रह किया है।

## आचार संहिता उल्लंघन पर शिकायत सहज

**कटनी।** आम लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत आचार संहिता के उल्लंघन के अलावा कई तरह की शिकायतों के निराकरण के लिए आयोग ने एक ऐप बनाया है। इस ऐप पर कोई भी व्यक्ति शिकायत कर सकता है। चाहे वो अस्त्र-शस्त्र प्रदर्शन हो या मुफ्त उपहार वितरण हो या धमकी देने, धन वितरण संपत्ति विरूपण,पेड न्यूज, साम्प्रदायिक नफरत फैलाने जैसी कोई भी शिकायत हो। इसके लिए सी-विजिल ऐप के माध्यम से सिर्फ एक फोटो-वीडियो के माध्यम से ऐप पर अपलोड करना होगी। इस ऐप पर आने वाली शिकायतों की जानकारी आयोग के पास भी होती है। शिकायतों के निराकरण के लिए जिले में गठित एफएसटी दल तुरन्त मौके पर पहुँच कर छानबीन करता है और सम्बंधित शिकायत के सम्बंध में जानकारी अपलोड करता है।

## वैकल्पिक दस्तावेज दिखाकर मतदाता कर सकेंगे मतदान

**कटनी।** लोकसभा निर्वाचन के परिप्रेक्ष्य में आगामी 19 अप्रैल को मतदान के लिए मतदाता पहचान पत्र नहीं होने की दशा में ई-मतदाता परिचय पत्र आयोग की बेबसाईट से डाउनलोड किया जाकर मतदान किये जाने की सुविधा प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त 12 प्रकार के वैकल्पिक दस्तावेजों के माध्यम से भी मतदाता अपने मत का उपयोग कर सकते हैं। मतदान करने के संबंध में पहचान के लिये मतदाता परिचय पत्र के अलावा ई-मतदाता परिचय पत्र, आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक, पोस्ट ऑफिस की फोटो सहित पासबुक, श्रम मंत्रालय के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्रायविंग लायसेंस, पेन कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोग्राफ सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र, राज्य शासन जारी पहचान पत्र निर्धारित किये गये हैं।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित जिला समिति की बैठक मे शिकायतों पर हुई चर्चा

# शिकायतों की जांच करेगी 3 सदस्यीय समिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

डी.ए.वी. कैल्डरीज पब्लिक स्कूल में अध्ययनरत छात्रों से प्रवेश शुल्क लेने और फीस संरचना में भिन्नता तथा स्कूल की सामान्य जानकारी और फीस संरचना को शासन के पोर्टल में अपलोड नहीं करने के मामले की जांच तीन सदस्यीय समिति करेगी। यह निर्णय कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित जिला समिति की बैठक में लिया गया। यह समिति मध्यप्रदेश निजी विद्यालय फीस तथा संबंधित विषयों विनियमन अधिनियम के अंतर्गत राज्य शासन द्वारा गठित की गई है।

जिला समिति की बैठक में डी.ई.ओ पी.पी.सिंह, जिला कोषालय अधिकारी अरविंद सिंह ठाकुर और सहायक संचालक शिक्षा राजेश अग्रहरि एवं शिक्षा विभाग के विवेक दुबे मौजूद रहे।

### बैठक में तीन शिकायत प्रस्तुत

कलेक्टर श्री प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित जिला समिति के समक्ष डी.ए.वी कैल्डरीज पब्लिक स्कूल कटनी के संबंध में तीन शिकायतों को प्रस्तुत किया गया। शिकायत मे बताया गया है कि



शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत कक्षा 8वीं में उनके बच्चों का डी.ए.वी कैल्डरीज पब्लिक स्कूल कटनी में दाखिला हुआ था। स्कूल प्रबंधन कक्षा 9वीं में प्रवेश शुल्क के रूप में 11 हजार रुपये और मासिक फीस के तौर पर 3 हजार 80 रुपये की मांग की जा रही है। इस पर आवेदक द्वारा प्रवेश शुल्क माफ करने तथा फीस में रियायत देने की मांग की गई। साथ ही शिकायत में संबंधित आवेदक द्वारा रजिस्ट्रेशन फीस एक हजार रूपये, प्रवेश शुल्क 5 हजार रूपये, काशन मनी 1 हजार रूपये, वार्षिक फीस ढ़ाई हजार रूपये, विकास शुल्क 1500 रूपये और साइंस फीस 600 रूपये सहित मंथली शुल्क 1380 रूपये प्रतिमाह स्कूल प्रबंधन द्वारा लेने का विवरण दिया गया है।

### नियम एवं निर्देशों का उल्लंघन

कलेक्टर श्री प्रसाद ने इसे मध्यप्रदेश निजी विद्यालय फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन नियम का उल्लंघन माना जिसमें वर्णित शुल्कों के प्रकार में प्रवेश शुल्क शामिल है। साथ ही लोकशिक्षण संचालनालय के आदेश का भी उल्लंघन माना जिसमे एक परिसर एक शाला वाले स्कूल में विद्यार्थियों को 5वीं से 6 वीं अथवा 8वीं से 9वीं में प्रवेश हेतु टी.सी जारी नहीं करने के निर्देश है। इन कक्षाओं के छात्रों को अगली कक्षा में सीधे प्रवेश देने का प्रावधान है। लेकिन कलेक्टर श्री प्रसाद की अध्यक्षता वाली समिति को प्रथम दृष्टया यह प्रतीत हुआ कि डी.ए.वी कैल्डरीज पब्लिक स्कूल प्रबंधन द्वारा कक्षा आठवीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों को कक्षा नवमी में प्रवेश नहीं दिया गया। जो कि शिक्षा विभाग के नियम एवं निर्देश का उल्लंघन है।

इसी प्रकार स्कूल प्रबंधन द्वारा स्कूल की सामान्य जानकारी, फीस संरचना आदि की जानकारी भी पोर्टल पर अपलोड नहीं की गई। साथ ही शिकायतकर्ता द्वारा फीस लिये जाने के संबंध मे दिया विवरण तथा स्कूल प्रबंधन द्वारा निर्धारित फीस में अत्यधिक भिन्नता पाई गई।

### समिति करेगी जांच

डी.ए.वी कैल्डरीज पब्लिक स्कूल की उपरोक्त सभी शिकायतों की बिन्दुवार जांच हेतु कलेक्टर श्री प्रसाद ने तीन सदस्यीय समिति गठित किया है। इस समिति में बी.ई.ओ विजयराघवगढ़ आनन कोरी, सहायक संचालक राजेश अग्रहरी और प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहाडी निवार आलोक पाठक को शामिल किया गया है। यह समिति 3 दिवस में जिला समिति के समक्ष अपना जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगी।

### जिला समिति के अधिकार

कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता वाली जिला समिति को निजी स्कूल के किसी छात्र के माता -पिता या अभिभावक या छात्र द्वारा की गई शिकायत की जांच कर अधिक फीस संबंधी किसी मामले की स्वप्रेरणा से संज्ञान लेने और जांच करने का अधिकार प्राप्त है। इस समिति को सिविल न्यायालय की शक्तियां प्राप्त है। जिसके तहत किसी साक्षी को समन कराना, शपथ पत्र पर साक्ष्य ग्रहण करना और साक्षी के परीक्षण हेतु कमीशन जारी किया जाना शामिल है। जिला समिति को निजी विद्यालय प्रबंधन से राशि को भू- राजस्व के बकाया के रूप में वसूल करने की शक्तियां भी हासिल है।

## बंधवा टोला में दबिश देकर जब्त की 6 पेटी शराब

**कटनी।** थाना रंगनाथ नगर पुलिस द्वारा 6 पेटी शराब जब्त की गई है। थाना प्रभारी नवीन नामदेव एवं स्टाफ के द्वारा मुखबिर की सूचना पर डन कालोनी मोड के पीछे ग्राउंड के पास विश्वनाथ बर्मन पिता बारेलाल बर्मन उम्र 35 साल निवासी मदन मोहन चौबे वार्ड बधंवा टोला थाना रंगनाथनगर ने भारी मात्रा में अवैध शराब जमा कर रखी थी। छापामार कार्यवाही करते हुए पुलिस ने आरोपी के पास से तीन खाखी रंग के कार्टून में 50, 50 पाव एंव एक सफेद रंग की बोरी में 150 पाव कुल 300 पाव प्लेन शराब जब्त की। उक्त आरोपी से अवैध शराब जप्त करने के बाद उसके खिलाफ आपकारी अधिनियम की धारा के तहत कार्यवाही की गई है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी रंगनाथ नगर उप निरीक्षक नवीन नामदेव, सहायक उप निरीक्षक बहादुर सिंह, आर. प्रभाकर सिंह, अंकित पटेल एंव वीरेन्द्र दहायत एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही। थाना प्रभारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव की आचार संहित के मद्देनजर अवैध गतिविधियों एवं मादक पदार्थों की बिक्री रोकने के लिए कार्यवाही की जा रही है।

*कलेक्टर ने तीन दिन में जवाब प्रस्तुत करने के दिये निर्देश*

# कोताही बरतने पर डी.एम. नान और वेयर हाउस को जारी किया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

उपार्जित धान के भंडारण की कार्य योजना तैयार नहीं करने और जिला उपार्जन समिति के समक्ष प्रस्तुत नहीं करने सहित मैपिंग कार्य के संपादन में लापरवाही बरतने पर कलेक्टर अवि प्रसाद ने म0प्र0 स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन के जिला प्रबंधक और मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक कारपोरेशन के जिला प्रबंधक वाय. एस सेंगर को कारण बताओं नोटिस जारी कर 3 दिवस में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है।

मध्य प्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन के जिला प्रबंधक के.एल शर्मा को जारी कारण बताओं नोटिस में कहा गया है कि राज्य शासन की धान उर्पाजन की नीति के परिवहन कार्य योजना तैयार करने के बिंदु निर्धारित है। जिसमें परिवहन मैपिंग प्रोटोकॉल के अनुसार किए जाने उपार्जन केद्रो से गोदामों की मैपिंग इस प्रकार करने के निर्देश थे कि जिले के समस्त परिवहन व्यय न्यूनतम होने उपार्जन के दौरान गोदाम की मैपिंग में भंडारण क्षमता पूर्ण होने की स्थिति में ट्रकों को अन्य गोदामों में भेजने की स्थिति को नियंत्रित करने हेतु डायनॉमिक ट्रक मूवमेंट एण्ड गोडाउन शिफटिंग प्रोटोकॉल तैयार किया जाना था। इसके साथ-साथ प्रत्येक गोदाम के डेली अनलोडिंग कैपसिटी प्रविष्टि करते हुए गोदाम एलोकेशन इस प्रकार तैयार करना था कि ओवरलोडिंग में कम से कम समय लगे लेकिन ऐसा नहीं किया गया।

परिवहन मैपिंग के कार्य को ई-उपार्जन पोर्टल पर किए जाने के लिए आपके लॉगिन में सुविधा उपलब्ध कराने के बाद भी उपार्जित धान के भंडारण की कार्य योजना तैयार नहीं की गई । साथ ही जिला उपार्जन समिति के समक्ष भी प्रस्तुत नहीं किया गया। जिला प्रबंधक श्री शर्मा द्वारा एक समय पर एक उपार्जन केंद्र की मैपिंग एक अथवा एक अथवा एक से अधिक गोदाम में की गइ। साथ ही एक से अधिक उपार्जन केन्द्रों की मैपिंग अथवा एक से अधिक गोदाम में की गई। जिसमें स्पष्ट नहीं होता कि किस उपार्जन केंद्र की धान किस गोदाम में अनलोडिंग की जाना है

जिला प्रबंधक नान श्री शर्मा द्वारा उपार्जन केंद्र की गोदाम से मैपिंग की स्पष्टता नहीं होने के कारण परिवहन कर्ता द्वारा उठाया गया। और न्यूनतम दूरी से अधिक दूरी पर स्थित गोदाम में धान का भंडारण कराया गया। साथ ही समय- सीमा बैठक में भी मैपिंग संबंधी आधी -अधूरी जानकारी प्रस्तुत की गई जो मैपिंग कार्य में लापरवाही का द्योतक है। और अनुशासनहीनता का परिचायक है।कलेक्टर श्री प्रसाद ने श्री शर्मा से इस संबंध में तीन दिवस के भीतर कारण बताओं नोटिस जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है।

इसी प्रकार मप्र वेयरहाउसिंग लॉजिस्टिक कार्पोरेशन के जिला प्रबंधक वाय एस सेंगर द्वारा भी उपार्जन कार्य के प्रति रूचि न लेकर अपने पदीय दायित्वों के प्रति लापरवाही बरती गई।जिस पर कलेक्टर ने जिला प्रबंधक से तीन दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

## निरीक्षण के दौरान कमियां मिलने पर फटकार



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद के निर्देशानुसार निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल द्वारा सी.एल.पी. स्कूल, संस्कार भारती, औषधालय भवन, सामुदायिक भवन के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान मतदान केन्द्र क्रमांक 183, 184, एवं 186 में निर्मित रैम्प को देखकर निगमायुक्त द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुये रैम्प तोडकर पुन: निर्माण आयोग द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप कराये जाने, मतदान केन्द्र में एक अतिरिक्त शौचालय का निर्माण कराये जाने, बाथरूम में दरवाजा लगाये जाने, बाथरूम में लाइट फिटिंग कराये जाने के निर्देश प्रदान करते हुये क्षेत्रीय उपयंत्री, क्षेत्रीय स्वच्छता निरीक्षक एवं वार्ड दरोगा को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त, कार्यपालन अधिकारी, निर्वाचन प्रभारी, सहायक यंत्री, उपयंत्री एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# तीन लाख के जेवरात, 76 हजार के कपड़े किये जब्त फिर लौटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जगह-जगह पर वाहन चेकिंग करते हुए अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं। कोतवाली पुलिस ने मिशन चौक पर वाहनों की जांच करते समय एक स्कूटी की डिक्की से लगभग 3 लाख के चांदी के गहने और एक कार से 76 हजार की कुर्ती और सरारा बरामद किया।

थाना प्रभारी आशीष शर्मा ने बताया कि आदर्श आचार्य संहिता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के द्वारा वाहनों की चेकिंग करने के निर्देश दिए गए हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक ख्याति मिश्रा के



मार्गदर्शन में मिशन चौक पर विगत संध्या वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान एक्टिवा क्रमांक एमपी 21 जेडए 9857 के चालक जलपा वार्ड निवासी 21 वर्षीय आर्यन पिता दिलीप कुमार सोनी को रोक कर जब तलाशी ली गई तो गाड़ी की डिक्की से 3 किलो 824 ग्राम वजनी चांदी के जेवर मिले। इसी तरह कार चालक हर्ष मटानी पिता घनश्याम मटानी को रोक कार कर की तलाशी ली गई तो कार के अंदर लगभग 76 हजार रुपए कीमत के कुर्ती और सरारा पाया गया।

वाहन चालकों के द्वारा जब्ती उपरांत जप्त किए गए सामान के संबंध में दस्तावेज उपलब्ध कराने के बाद उन्हें कार्यवाही करते हुए सुपुर्द किया गया।

*ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वाधान में आयोजन*

# ब्रह्माकुमारी बहनों ने अपने विचारों से ईश्वर को प्राप्त करने की जगाई अलख

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सिविल लाइन स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वाधान में आयोजित तत्वाधान मे सुरम्य पार्क के पीछे अमकुही फैक्ट्री कटनी में आयोजित रजत जयंती समारोह का समापन 25 वर्ष से पवित्रता का पालन करते हुए ईश्वरीय सेवा में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले भाई बहनों का एक अलौकिक आत्मीय ईश्वरीय सम्मान से हुआ । कार्यक्रम की शुरुआत उद्योगपति सुधीर जैन, सौम्या रांधेलिया अरविंद तिवारी, अमित शुक्ला, गिरिराज किशोर पोद्दार ' सतना की राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी, दीपक टंडन रणवीर कर्ण अंकिता तिवारी लक्ष्मण प्रसाद साहू, सिविल लाइन राजयोग केंद्र संचालिका बीके लक्ष्मी बहन,धार्मिक प्रभाग




प्रयागराज की अध्यक्ष मनोरमा दीदी, धार्मिक प्रभाग इंदौर जोन के जोन कॉडिनेटर ब्रह्मकुमार नारायण भाई, माउंट आबू ज्ञान सरोवर की विजय भाई , शहडोल की नालिनी बहन , चंडीगढ़ की पूनम बहन, धार्मिक प्रभाग राजिम छत्तीसगढ़ की सब कॉडिनेटर बीके राजयोगिनी पुष्पा दीदी ने दीप प्रज्वलित कर किया । उसके बाद सम्मानित होने वाले भाई बहनों का पगड़ी तिलक माला से स्वागत किया गया मनोरमा दीदी के द्वारा अभिनंदन पत्र भेट कर ईश्वरीय सौगात दी गई ।

इस अवसर पर सतना की राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी ने कहा कि ब्रह्माकुमारियों ने अपने विचारों के माध्यम से इस देश में एक ऐसी अलख जागई है जो निश्चित तौर पर परमात्मा को प्राप्त करने में हम सबका मार्ग प्रशस्त करती है। सौम्या रांधेलिया ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज को देख कर प्रेम ममता समर्पण और निस्वार्थ भाव हम सब आज यहां से सीख कर जाएं ।

सतना के परमानंद महाराज ने कहा की पवित्रता के ही बल पर इस संस्था की स्थापना की दादा लेखराज के द्वारा जो हमारे परम पूज्य ब्रह्मा बाबा है और ब्रह्मा बाबा गृहस्थ आश्रम में थे और गृहस्थ आश्रम में रहकर के पहले पवित्र गृहस्थ आश्रम का जो नींव हमारे ब्रह्मा बाबा ने रखा और आज इस संस्था में ऐसे हजारों नहीं लाखों भाई बहन है जो पवित्र रहकर के पूरे विश्व को पूरी प्रकृति को पवित्रता का साकाश दे रहे हैं इन सभी पवित्र आत्माओं को हमारा शत-शत नमन।

बीके नारायण भाई ने कहा कि सोना तप तप कर निखरता है।

## उद्घाटन क्रिकेट लीग मैच में प्रशासन इलेवन की टीम बनी विजेता

# कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ ने खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदाताओं को जागरूक और प्रेरित करने की दृष्टि से कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश और जिला पंचायत के सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप शिशिर गेमावत के मार्गदर्शन में विविध प्रकार की गतिविधियां संचालित की जा रही है। बुधवार को फॉरेस्टर प्लेग्राउंड कटनी में प्रशासन इलेवन और पत्रकार इलेवन के बीच खेले गए क्रिकेट लीग मैच में कलेक्टर श्री अवि प्रसाद, जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीएफओ गौरव शर्मा ने पहुंचकर खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की।

बेहतर बल्लेबाजी करते हुए चौके लगने और उत्कृष्ट बालिंग कर विकेट गिरने पर तालियां बजाकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। आयोजित क्रिकेट मैच में आयोजित क्रिकेट मैच में प्रशासन एकादश ने एक तरफा मुकाबले में पत्रकार एकादश को 10 विकेट से हराया। प्रशासन इलेवन ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया और बल्लेबाजी के




लिए पत्रकार इलेवन की टीम को आमंत्रित किया। 15-15 ओवर के मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए पत्रकार एकादश की टीम ने 6 विकेट खोकर 86 रन बनाए। जवाबी पारी खेलने उतरी प्रशासन एकादश की टीम ने मात्र 5.3 ओवर में बिना कोई विकेट हुए 87 रन बनाकर 10 विकेट से मैच जीता।

प्रशासन एकादश की ओर से खेलते हुए ओपनर बल्लेबाज सुमित सैनी ने 16 गेंद पर 11 चौके जड़कर 47 रन बनाए। वहीं दूसरी ओर इनका साथ दे रहे डीके यादव ने भी 17 गेंदों पर 9 चौकों की सहायता से 39 रन बनाए। ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सुमित सैनी को प्लेयर ऑफ द मैच की ट्रॉफी जिला पंचायत के सीईओ गेमावत ने प्रदान की।

मतदाताओं की जागरूकता हेतु आयोजन स्थल पर बनाये गए सेल्फी प्वाइंट पर जाकर कलेक्टर श्री प्रसाद ने खुद फोटो खिचवाई। आयोजन स्थल पर हस्ताक्षर अभियान के फ्लेक्स पोस्टर पर कलेक्टर श्री प्रसाद, जिला पंचायत सीईओ श्री गेमावत, डीएफओ श्री शर्मा, श्री खान के साथ-साथ अन्य अधिकारियों ने भी हस्ताक्षर किए और सेल्फी पॉइंट पर जाकर फोटो खिंचवाई।

कलेक्टर ने गत स्वीप के आइकॉन सुमित आरख, मुस्कान से रूबरू होकर क्रिकेट के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्वर्णिम भविष्य हेतु उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

कलेक्टर द्वारा पत्रकार बंधुओ से सौजन्य भेंट और परिचय के दौरान बाल क्रिकेटर से भेंट होने पर उनसे बात की और उन्हें प्रोत्साहित करते हुए उनके साथ फोटो खिंचवाई।

### रजिस्ट्रेशन काउंटर को भी देखा

कलेक्टर श्री प्रसाद ने जिला पंचायत सीईओ श्री गेमावत के साथ क्रिकेट टीमों के पंजीयन हेतु निर्धारित काउंटर का अवलोकन किया और सराहना की। मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत बुधवार से शुरू क्रिकेट टूर्नामेंट 13 अप्रैल तक चलेगा। इस क्रिकेट टूर्नामेंट में 16 टीम भाग ले रही हैं।

क्रिकेट मैच की अंपायरिंग गुरु प्रसाद और मनोज शुक्ला ने की, जब कि एक-एक रन का लेखा जोखा स्कोरर सुयश शुक्ला और दिव्यांश मरकाम ने किया। क्रिकेट का आंखों देखा हाल मनोज शुक्ला और बृजेश गुप्ता ने बेहतरीन अंदाज में दर्शकों को सुनाया।

## प्रतियोगिताओं एवं विभिन्न गतिविधियों से किया जा रहा जागरूक

# स्वच्छता सर्वेक्षण के मापदंडों में खरा उतरने ननि ने प्रारंभ की तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल के निर्देश पर नगर में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की प्रतियोगिता की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। निगम प्रशासन स्वयं प्रतियोगिता की तैयारी में जुट गया है। रोजाना प्रातः नगर की सफाई व्यवस्था सहित सर्वेक्षण के निर्धारित मापदंडों अनुसार नगर की सफाई सहित डोर टू डोर किये जाने वाले कचरा संग्रहण कार्य का निरीक्षण कर सफाई कार्य को सुदृढ बनाने के दिशा निर्देश दिए जा रहे है।




नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन आदेश जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि निगम प्रशासन एवं उसकी सहयोगी संस्था ओम साईं विज़न द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में रोजाना स्वच्छता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाकर नागरिकों में स्वच्छता का संदेश प्रसारित किया जा रहा है। इसी क्रम में सहयोगी संस्था द्वारा विगत दिवस वार्ड क्रमांक 27 मदन मोहन चौबे वार्ड एवं वार्ड क्रमांक 28 नेहरू वार्ड की विभिन्न गलियों में प्रभात फेरी एवं रैली के माध्यम से नगर को साफ एवं स्वच्छ बनाए रखने हेतु अपने घरों के पास साफ सफाई बनाए रखने एवं 3 दिन के बारे में जानकारी प्रदाय की जाकर घरों से निकलने वाले गीले सूखे एवं हानिकारक कचरे को अलग अलग डस्टबिन में रखने तथा अलग अलग ही निगम के कचरा वाहन में देने एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने की जानकारी दी जा रही है।

## खबर संक्षेप

### सहायक रिटर्निंग आफीसर पदाविहित

**दमोह।** 07-दमोह संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों/निर्वाचन अभिकर्ता/एजेंट के द्वारा प्रचार-प्रसार हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने ध्वनि विस्तारक यंत्र के साथ आमसभा/अस्थाई पार्टी कार्यालय/ रोस्ट्रम वेरिकेड/ नुक्कड़ नाटक/ ध्वनि विस्तारक यंत्र के साथ जुलूस / नुक्कड़ सभा/ ध्वनि विस्तारक यंत्र के बिना आमसभा/ लोकसभा क्षेत्र में वाहन अनुमति हेतु जारी आदेश में आंशिक संशोधन किया है। उन्होंने प्राप्त आवेदन पत्रों के निराकरण हेतु संबंधित विधानसभा खण्ड के सहायक रिटर्निंग अधिकारी को इंकोर पोर्टल के माध्यम से ऑफलाईन तथा सुविधा पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन अनुमति दिये जाने हेतु पदाविहित किया है।

### किओस्क बैंक से 90 हजार रुपये चोरों ने किया गायब

**अमानगंज।** अमानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम द्वारी में स्थित किओस्क बैंक से चोरों ने 90000 रुपये नगद चोरी कर लिये। घटना के विषय में प्राप्त जानकारी अनुसार फरियादी जय हिंद सिंह भदोरिया पिता विशाल सिंह भदोरिया निवासी विक्रमपुर ने अमानगंज थाना में शिकायती आवेदन देते हुए बताया कि मैं ग्राम द्वारी में बस स्टैंड पर किओस्क बैंक संचालित कर रहा हूं जहाँ दिनांक 1 अप्रैल 2024 को कामकाज करने के बाद अपने घर चला गया था इसके बाद दूसरे दिन दिनांक 2 अप्रैल 2024 को मेरे दुकान के बाजू में होटल संचालक जयकरन पटेल ने फोन कर मुझे बताया कि तुम्हारे बैंक का ताला टूटा हुआ है जब मैंने जाकर देखा तो कि कियोस्क बैंक में बैग में रखे हुए 90000 रुपए और एक चेक बुक अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने फरियादी से आवेदन लेकर मामले को विवेचना में लिया और चोरों की तलाश प्रारंभ की।

### जिला व्यय अनुवीक्षण समिति का गठन

**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार ने तत्काल प्रभाव से खजुराहो संसदीय क्षेत्र अंतर्गत जिला व्यय अनुवीक्षण समिति का गठन किया है। भारत निर्वाचन आयोग के 29 मई 2015 को जारी परिपत्र में निहित प्रावधान अनुसार समिति गठित की गई है। समिति में जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार सहित खजुराहो लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के व्यय प्रेक्षक राजेन्द्र बी जोशी एवं नोडल अधिकारी निर्वाचन व्यय ओ.पी. गुप्ता शामिल है।

### पुलिस प्रेक्षक के साथ लगाई ड्यूटी

**पन्ना।** जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत पुलिस प्रेक्षक की लिपिकीय सुविधा के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इनमें स्टेनो टाइपिस्ट रामसज्जन पटेल एवं भृत्य अजयपाल यादव शामिल हैं। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग पन्ना को इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया है।

कलेक्टर श्री कोचर ने विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर साफ-सफाई का लिया जायजा

# कलेक्टर ने कहा- चिन्हित स्थानों की सफाई होनी चाहिये



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने नगर के विभिन्न क्षेत्रों के साथ ट्रंचिंग ग्राउण्ड और फिल्टर प्लांट का भ्रमण कर साफ-सफाई का जायजा लिया। उन्होंने नगर में चिन्हित स्थानों पर सफाई के साथ नालियों आदि में जमा हो रही गंदगी की सफाई के निर्देश दिये। उन्होंने कहा सड़कों पर पानी का भराव नहीं होना चाहिये। कलेक्टर श्री कोचर ने ट्रंचिंग ग्राउण्ड का भी जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुषमा धाकड़ के साथ नगर पालिका का अमला मौजूद था।

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा आज सुबह दो-तीन अलग-अलग स्थानों का निरीक्षण किया। नगरीय क्षेत्र में सबसे पहले जिन 22 चिन्हित स्थानों पर रुटिन सफाई हो रही है उसके अलावा नालियों की सफाई शुरू कराने जा रहे हैं। हर बार जब बारिश होती है तो नालिया चोक रहती है और उस समय बारिश का पानी भरने से पूरा पानी सड़क पर आ जाता है और लोगों को बहुत असुविधा होती है, इससे बचने के लिए हमने अभी से प्लान किया है, शहर की ऐसी नालियों को चिन्हित किया जा रहा है, जहां बड़ी संख्या में कचरा जमा होता है और इनकी सफाई की मुहिम शुरू करा दी गई है। यह लगातार एक से डेढ़ महीने बारिश से पहले तक चलेगी ताकि जब बारिश आए तब उस समय कोई भी नाली ऐसी नहीं जिसमें भराव होकर सड़कों पर पानी भरने की स्थिति उत्पन्न ना हो, यह एक काम शुरू करा दिया गया है।

कलेक्टर श्री कोचर ने ट्रंचिंग ग्राउंड जाकर देखा है, जहां पर शहर का पूरा कचरा इकट्ठा होता है, वहां पर कुछ व्यवस्थाएं जरूरी की जानी है, उसके लिए आवश्यक निर्देश दिए है। उसके बाद फिल्टर प्लांट का जायजा लिया, फिल्टर प्लांट की पूरी प्रक्रिया को देखा-समझा और वहां पर भी जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा अर्बन एरिया में लोगों की मूलभूत आवश्यकताओं की चीजें हैं जिनमें सफाई, साफ पानी लोगों को पीने मिले और कचरा सही तरीके से प्रबंधित हो। इन चीजों के ऊपर फोकस कर आगे इसके लिए लगातार कदम उठाये जायेंगे।

स्वास्थ्य विभाग ने राष्ट्रीय कार्यक्रमों के बेहतर संचालन हेतु दिए दिशा निर्देश

# जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने सिविल अस्पताल में ली समीक्षा बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

सिविल अस्पताल हटा जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर सरोजिनी जेम्स बैक द्वारा विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों के तहत प्रदान की जाने वाली सेवाओं के कुशल प्रबंधन हेतु खंडवार 48 बिंदुओं पर समीक्षा की गई। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से संबंधित निर्देश देते हुए बताया कि कोई भी हाई रिस्क गर्भवती महिला जिसके 16 बिंदुओं पर स्वास्थ्य की जांच एवं सतत निगरानी रखी जाए। ऐसी हाई रिस्क महिला अगर कोई भी स्वास्थ्य सेवाओं को लेने में असहज हो रही हो तो गांव के प्रभावशाली व्यक्तियों के सहयोग से कार्य किया जाए। इसी प्रकार शिशु एवं बच्चों के लिए उत्तम स्वास्थ्य के लिए समय-समय पर आवश्यक महत्वपूर्ण जानकारी ग्राम वासियों को आशाओं के सहयोग से प्रदाय की जाए। ग्रीष्मकालीन स्वास्थ्य समस्याओं से निपटने हेतु मैदानी अमला हमेशा तैयार एवं सतर्क रहे। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने वार्षिक लक्ष्य पाने के लिए कर्तव्य एवं निष्ठा के साथ कार्य करते रहे। जिनका कार्य असंतोष जनक पाया जाएगा उनके विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी। समीक्षा बैठक में मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ उमाशंकर पटेल, डॉ अनंत कुमार, डॉ विदेश शर्मा,बीपीएम विक्रम सिंह मेहदेले,बीसीएम देवेंद्र सिंह ठाकुर, बीईई श्रीमती अलका शिवहरे, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक बुद्धन लाल तंतुवाय, अरविंद कुमार नेमा,दशरथ प्रसाद तंतुवाय समस्त सीएचओ एएनएम आशा सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

# भगवान आदिनाथ जन्म कल्याणक पर श्री जी की शोभायात्रा निकाली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

उपकाशी हटा नगरी में जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर ,युग प्रवर्तक भगवान आदिनाथ का जन्म कल्याणक महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रातः नगर के चारों जिनालयों में श्रद्धालु भक्त बड़ी संख्या में पहुंचे और पूज्य निर्यापक संत मुनि पुंगव श्री सुधा सागर जी महाराज के द्वारा बताएं अनुसार अभिषेक शांतिधारा संपन्न हुई। प्रतिदिन की भांति आज अभिषेक करने वाले मंदिर में ज्यादा संख्या में पहुंचे और अभिषेक पूजन किया। आदिनाथ त्रिमूर्ति मंदिर में भगवान आदिनाथ का मस्तकाभिषेक किया गया ।दोपहर में त्रिमूर्ति जैन मंदिर से श्रीजी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो मुख्य मार्ग से होकर पारसनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर से रतन बजरिया जैन मंदिर पहुंची ।जहां आरती वंदना हुई। वापस इसी मार्ग से श्री महावीर जैन मंदिर नावघाट होती हुई जैन बेदी प्रांगण बड़ा बाजार पहुंची जहां पर जल विहार का कार्यक्रम संपन्न हुआ। अभिषेक शांति धारा पूजन किया गया। इस अवसर पर जैन समाज के सभी नर नारियों बच्चों की उपस्थिति रही।

# शिविर लगाकर की बाउंड ओवर की कार्यवाही



**दमोह।** जिले के रजपुरा थाना में हटा नायब तहसीलदार शिवराम चढ़ार एवं थाना प्रभारी धर्मेन्द्र गुर्जर ने शिविर लगाकर बाउंड ओवर की कार्यवाही की। नायब तहसीलदार श्री चढ़ार एवं थाना प्रभारी श्री गुर्जर ने क्षेत्र के लोगों को बुलाकर उनके बाउण्ड भरवाए गये और अपराधी प्रवत्ति के व्यक्तियों पर कार्यवाही की गई। अधिकारियों द्वारा लोगों को शांति व्यवस्था बनाये रखने और आदर्श आचार संहिता पालन करने के भी निर्देश दिये गये।

# स्वास्थ्य केंद्र पटेरा में बैठक का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटेरा में माह के प्रथम बुधवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी महोदय डॉ. सरोजनी जेम्स बेक के आदेश अनुसार एवं मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डा.अशोक बरौनिया के निर्देशन में विकास खंड स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। मीटिंग में जिला स्तर से डॉक्टर चंद्रशेखर पांडे जिला विस्तार एवं मध्यम अधिकारी द्वारा समीक्षा बैठक में उपस्थित सेक्टर मेडिकल ऑफिसर सेक्टर सुपरवाइजर,सी.एच. ओ., एएनएम 1अप्रैल 2023 से माह फरबरी 2024 तक उनके द्वारा किये गये राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा की गई जो भी इंडीकेटर कम थे। उनकी कमी के कारणों को जाना एवम आगामी सत्र में कार्ययोजना तैयार कर शुरुआत से ही पूर्ण करने एवम कार्ययोजना एक सप्ताह में जमा करने निर्देशित किया गया एवं किये जा रहे कार्य को रोल प्ले के माध्यम से समझाया गया ANC प्रथम तिमाही में अनिवार्य रूप से रजिस्ट्रेशन कर सभी जांच समय पे करने साथ ही फीडिंग करने हेतु आदेशित किया गया। मीटिंग में बी ई ई प्रमोद तंतुवाय द्वारा उपस्वास्थ्य केंद्र वॉर सभी को डेटा दिखाकर अपने कार्य दायित्वों को पूर्ण करने समझाया गया। साथ ही परिवार कल्याण कार्यक्रम के NSV के बारे में समझाया गया ,BCMममता गुप्ता द्वारा MDR/CDR के बारे विस्तासर से जानकारी दी गई रवि नेमा एम आई द्वारा मलेरिया के संबंध के बताया गया अंत मे डॉ. अशोक बरोनिया CBMO द्वारा समीक्षा बैठक में दिए गये निदेशों का पूर्ण पालन करने आदेशित किया गया मीटिंग के दौरानजिला स्तर से अभय तिवारी (मीडिया) सेक्टर सुपरवाइजर सीएचओ ANM की उपस्थिति रही।

# सात साल से फरार स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार



**हटा ।** लोकसभा चुनाव आचार संहिता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अपराधियों को पकड़ने अभियान चला रही है इसी श्रृंखला में बुधवार को पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देशन व एसडीओपी नितेश पटेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मनीष कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर 7 वर्ष से फरार स्थाई वारंटी नगर के नवोदय वार्ड निवासी रूपाबाई पति रामकुमार साहू उम्र 50 वर्ष को प्रधान आरक्षक रुपेश तिवारी, 436 रोशनी,अभिषेक 708 मनीष द्वारा दमोह बस स्टैंड से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

# छात्रों को मुंह मीठा कराकर मनाया प्रवेश उत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैसाबाद

ग्राम के हाई स्कूल में प्रभारी प्राचार्य संतोष तिवारी के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर एवं मिष्ठान खिलाकर मां सरस्वती जी की पूजा अर्चना करके धूमधाम से प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस बार के नई शिक्षा शास्त्र में विशेष बात यह रही की प्रथम दिवस ही 11वीं और नवमी का रिजल्ट घोषित कर छात्रों को पुस्तकों का वितरण कर दिया गया। प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में भले ही छात्रों की उपस्थिति कम रही लेकिन छात्रों में एक नई उमंग और ऊर्जा दिखाई दी। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य सहित मिडिल स्कूल के प्रधान अध्यापक गणेश अहिरवार भानु राजपूत एवं सभी शिक्षकों की उपस्थिति रही। इसी तरह ग्राम खमरगौर में भी प्रभारी सुनील विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में प्रवेश उत्सव मनाया गया।

# तेरहवीं कुरीति नहीं है कुरीति समाज में हो रही शराबखोरी है - पं रवि शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

स्थानीय सिविल वार्ड 7 में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस में कथा वाचक आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने कहा कि कुछ लोग जो अपने आप को बहुत बड़ा ज्ञानी समझने लगे हैं वह तेरहवीं जैसे पवित्र संस्कार को बन्द करा रहे हैं उन लोगो से मेरा कहना है कि जब तक आपके घर तेरह ब्राह्मण भोजन ना करलें तब तक वह घर पवित्र नही होता है इसलिए सभी को आवश्यक रूप से अपनी सुविधा के अनुसार तेरहवीं जरूर करानी चाहिये श्री शास्त्री ने कहा कि अगर बंद कराना ही है तो समाज में हो रही दारूखोरी रूण हत्या रिस्वतखोरी दहेज लोगो का गिरता हुआ चरित्र यह सब बन्द करायें उन्होने कहा कि गरुड़ पुराण में बताया गया है कि तेरहवीं तक आत्मा अपनों के बीच में ही रहती है. इसके बाद उसकी यात्रा दूसरे लोक के लिए शुरू होती है और उसके कर्मों का हिसाब किया जाता है मृत्यु के बाद अंतिम संस्कार किया जाता है, इसके बाद 13 दिनों तक मृतक के निमित्त पिंडदान किए जाते हैं और आखिरी में 13वें दिन उसकी तेहरवीं होती है. गरुड़ पुराण में बताया गया है कि तेरहवीं तक आत्मा अपनों के बीच ही रहती है. इसके बाद उसकी यात्रा दूसरे लोक के लिए शुरू होती है और उसके कर्मों का हिसाब किया जाता है. लेकिन क्या कभी आपने सोचा है कि आखिर तेरहवीं क्यों की जाती है और इससे उस मृत व्यक्ति आत्मा को क्या लाभ मिलता है गरुड़ पुराण के मुताबिक जब किसी व्यक्ति के प्राण निकलते हैं तो यमदूत उसकी आत्मा को यमलोक ले जाते हैं और वहां उसे वो सब दिखाया जाता है, जो उसने अपने जीवन में किया है. इस दौरान करीब 24 घंटे तक आत्मा यमलोक में ही रहती है. इसके बाद यमदूत उसे उसके परिजनों के बीच छोड़ जाते हैं. इसके बाद मृतक व्यक्ति की आत्मा अपने परिवार वालों के आसपास ही भटकती रहती है क्योंकि उसमें इतना बल नहीं होता कि मृत्यु लोक से यमलोक की यात्रा तय कर सकें। इस बीच परिजन मृतक की आत्मा के लिए नियमित रूप से पिंडदान करते हैं मृत्यु के बाद 10 दिनों तक जो पिंडदान किए जाते हैं उससे मृत आत्मा के विभिन्न अंगों का निर्माण होता है. 11वें और 12वें दिन के पिंडदान से शरीर पर मांस और त्वचा का निर्माण होता है फिर 13वें दिन जब तेरहवीं की जाती है, तब मृतक के नाम से जो पिंडदान किया जाता है, उससे ही वो यमलोक तक की यात्रा तय करती है पिंड दान से आत्मा को बल मिलता है और वो अपने पैरों पर चलकर मृत्युलोक से यमलोक तक की यात्रा संपन्न करती है आत्मा को मृत्युलोक से यमलोक पहुंचने में एक साल का समय लगता है माना जाता है कि परिजनों द्वारा 13 दिनों में जो पिंडदान किया जाता है वो एक वर्ष तक मृत आत्मा को भोजन के रूप में प्राप्त होता है. तेरहवीं के दिन कम-से-कम 13 ब्राह्मणों को भोजन कराने से आत्मा को प्रेत योनि से मुक्ति मिलती है साथ ही उसके परिजन शोक मुक्त हो जाते हैं जबकि जिस मृतक आत्मा के नाम से पिंडदान नहीं किया जाता उसे तेरहवीं के दिन यमदूत जबरन घसीटते हुए यमलोक लेकर जाते हैं ऐसे में यात्रा के दौरान आत्मा को काफी कष्ट उठाने पड़ते हैं इसलिए मृतक की आत्मा की शांति के लिए तेरहवीं को जरूरी माना गया है।

# मानव श्रृंखला बनाकर मतदाताओं का किया जागरूक




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से सीईओ जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी स्वीप अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन एवं सहायक नोडल अधिकारी स्वीप प्राचार्य डॉ के पी अहिरवार के नेतृत्व में जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय में गठित ईएलसी (इलेक्टरल लिटरेसी क्लब) के सदस्यों एवं प्रभारी शिक्षकों एवं कैंपस एंबेसडर के सहयोग से स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत निरंतर विविध तरह की गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज स्वीप प्लान के अंतर्गत जिले के विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में वृहद मानव श्रृंखला बनाकर मतदाताओं को जागरूकता का संदेश दिया गया। ज्ञानचंद श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह के स्वीप प्रभारी डॉ जितेंद्र कुमार चौधरी, कैंपस एंबेसडर एवं ईएलसी सदस्य गौरव राठौर, अंकित मुंडा, आफरीन बानो द्वारा जागरूकता मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया एवं एक वृहद मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया, जिसमें 70 से भी अधिक छात्र-छात्राएं एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। इसी प्रकार शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी.ए.ल जैन , स्वीप प्रभारी बृजेश मौर्य के मार्गदर्शन में 120 से भी अधिक छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। शासकीय महाविद्यालय पथरिया के स्वीप प्रभारी प्रकाश प्रजापति की देखरेख में 50 से भी अधिक छात्र-छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर मतदाता जागरूकता के लिए संदेश दिया। शासकीय महाविद्यालय तेंदूखेड़ा के स्वीप प्रभारी सुरेश डोनडवे के मार्गदर्शन में ईएलसी के सदस्यों के सहयोग से 50 से भी अधिक छात्र-छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाई। वही शासकीय महाविद्यालय जबेरा के स्वीप प्रभारी राहुल बर्दिया के नेतृत्व में 80 से भी अधिक विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर जागरूकता का संदेश दिया। शासकीय महाविद्यालय बटियागढ़ में 55 से भी अधिक छात्रों ने मानव श्रृंखला बनाई तथा शासकीय महाविद्यालय हटा में 65 से भी अधिक छात्र-छात्राएं ने मानव श्रृंखला बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। जिले के अशासकीय महाविद्यालय ओजस्विनी फॉर एक्सीलेंस महाविद्यालय में प्रहलाद राय के नेतृत्व में 50 से भी अधिक विद्यार्थी द्वारा मानव श्रृंखला बनाई गई। डॉ विजय लाल स्मृति महाविद्यालय में शरद कुमार मेहता के नेतृत्व में 60 से भी अधिक विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाई तथा टाइम्स कॉलेज में संजय कुमार विश्वकर्मा एवं गौरव भट्ट के नेतृत्व में 65 से भी अधिक छात्र-छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर संपूर्ण जिले में लोगों को मतदान करने के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

# आम सभाओं हेतु सभा स्थल चिन्हित

**दमोह।** लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु राजनैतिक दलों द्वारा आयोजित की जाने वाली आम सभाओं हेतु सभा स्थलों का चयन सहायक रिटर्निंग ऑफीसरों द्वारा 07-दमोह संसदीय क्षेत्र अंतर्गत जिले की विधानसभा क्षेत्रवार चिन्हित स्थानों हेतु किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने जिले के समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव से चिन्हित किए गए स्थान पर आम सभाएं आयोजित किए जाने कार्यवाही करने के लिए कहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कोचर ने बताया विधानसभा क्षेत्र 54-पथरिया की तहसील पथरिया अंतर्गत शासकीय माधवराव सप्रे महाविद्यालय, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मैदान, उत्कृष्ट विद्यालय के पीछे पानी की टंकी के पास एवं तहसील बटियागढ़ अंतर्गत लवली पार्क एवं नया बाजार पंचायत भवन के सामने (रविवार हाट बाजार को छोड़कर) आदि स्थानों पर आम सभायें आयोजित की जा सकेंगी। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र 55-दमोह अंतर्गत तहसील ग्राउंड, गांधी चौक, उमा मिस्त्री की तलैया, मोरगंज गल्ला मंडी, पुरैना तालाब (महाराणा प्रताप स्कूल ग्राउंड) एवं बस स्टैंड के पास इमलियाघाट। विधानसभा क्षेत्र 56-जबेरा के तेंदूखेड़ा अंतर्गत बस स्टैंड पूर्व क्षेत्र, कृषि उपज मंडी खाकरिया रोड एवं गल्ला मंडी मैदान थाने के सामने, तारादेही अंतर्गत बम्हौरी तिराहा के पास एवं बस स्टैंड तारादेही, तेजगढ़ अंतर्गत खेल मैदान एवं बस स्टैंड तेजगढ़, झलौन अंतर्गत हाई स्कूल मैदान, पंचायत भवन के पास एवं सेवा सहकारी समिति पुराना मार्केट, सर्रा अंतर्गत झण्डा चौक, सेलवाड़ा अंतर्गत बस स्टैंड, जबेरा अंतर्गत ग्राम पंचायत भवन के पास बाजार स्थान, बस स्टैंड के समीप एवं मॉडल स्कूल के बाजू तथा कृषि उपज मंडी के पीछे रिक्त स्थान शासकीय भूमि, सिंग्रामपुर अंतर्गत रानी दुर्गावती पार्क एवं सार्वजनिक खेल मैदान, बनवार अंतर्गत हाई स्कूल के समीप खेल मैदान (स्टेडियम), नोहटा अंतर्गत मढ़ा स्कूल के बाजू से तथा कॉलोनी के सामने। विधानसभा क्षेत्र 57-हटा अंतर्गत गौरीशंकर मंदिर प्रांगण (दद्दा कला मंच) एवं शिक्षक कॉलोनी (केंद्रीय विद्यालय के सामने वाला मैदान) तथा पटेरा अंतर्गत बस स्टैंड के पास पुराना अस्पताल भवन एवं परिसर एवं भगवती मॉ चंडी जी प्रांगण पटेरा में आम सभायें आयोजित की जा सकेंगी।

# निजी विद्यालय में पढ़ाई जा रही पुस्तकों की सूची तीन दिवस में उपलब्ध कराने के निर्देश

### पालकों से मिली रही शिकायतों के बाद डीएम हुये सख्त, दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

मध्यप्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) अधिनियम 2017 एवं नियम 2020 अधिसूचित किया जाकर लागू है। उक्त अधिनियम एवं नियमों के क्रियान्वयन हेतु विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। जिनके पालनार्थ निजी विद्यालयों द्वारा वेबसाईट लिंक http://dpimp.in पर अपने यूजर आई.डी. अर्थात विद्यालय के यूडाईस कोड एवं डिफाल्ट पासवर्ड Fees@1234 से लॉगइन करके जानकारियों की प्रवृष्टि किये जाने निर्देश दिये गये है, परन्तु अभी तक किसी भी विद्यालय द्वारा जानकारी की प्रविष्टी नहीं की गई है। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने \माध्यम से जिले के समस्त प्रधानाध्यापक, प्राचार्य, संचालक, प्रबंधक निजी (अशासकीय), प्राथमिक, मा ध्य मि क , उ च्च त र माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को निर्देशित किया है कि भाग 01 में बिन्दु क्रमांक 01 से 06 तक चाही गयी जानकारी 16 अप्रैल 2024 तक अनिवार्य रूप से वेबसाईट लिंक http://dpimp.in पर प्रविष्ट/अपलोड करना सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा विद्यालय में पढ़ाई जा रही पुस्तकों के नाम और प्रकाशकों /मुद्रकों की सूची कक्षावार निर्धारित प्रारूप में तैयार कर सूची 03 दिवस के भीतर निजी विद्यालय फीस विनियिमन प्रकोष्ठ जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाये। यदि भाग 01 एवं भाग 02 से संबंधित कार्य समय-सीमा में पूर्ण नहीं किये जाते हैं तो मध्यप्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) अधिनियम 2017 एवं नियम 2020 के नियमों में वर्णित नियम 09 की कण्डिका (9), (10) एवं (11) के अनुसार संस्था/विद्यालय के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला समिति सचिव एस.के.नेमा ने कहा है विद्यालय की सामान्य जानकारी अद्यतन/अपडेट करने के उपरांत सत्यापित कर विद्यालय की अद्यतन जानकारी नियत प्रारूप में प्री-फिल्ड रूप से पोर्टल पर उपलब्ध करायी जाएगी जिसे संबंधित निजी विद्यालय द्वारा अद्यतन कर लॉक किया जायेगा। समस्त निजी विद्यालय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिये नियत की गई फीस संरचना (कक्षावार एवं संवर्गवार विभिन्न मदों में ) की जानकारी एवं सत्र 2024-2025 हेतु प्रस्तावित वार्षिक फीस संरचना की जानकारी परिशिष्ट-1, एवं प्रमाणी परिशिष्ट-03, (प्रारूप-03) में भरकर पोर्टल पर प्रविष्ट/अपलोड की जाये। उन्होंने कहा समस्त निजी विद्यालयों द्वारा विगत तीन वर्षो (2020-2021, 2021-2022 एवं 2022-2023) संपरीक्षित (ऑडिटेड) लेखों में बेलेंन्स सीट, प्राप्ति एवं भुगतान पत्रक तथा आय-व्यय, शेड्यूल सहित अंकेक्षण प्रतिवेदन सम्मिलित होगें। निर्धारित प्रविष्टियॉ करने के उपरांत संबंधित विद्यालय द्वारा निर्धारित प्रक्रिया फीस विभागीय आदेश में दी गयी दर्ज संख्या अनुसार ऑनलाइन जमा की जाये। संबंधित विषयों का विनियमन-नियम 2020 के नियम 6 के पालन में समस्त निजी विद्यालयों द्वारा प्रारूप छह अनुसार 100/- गैर न्यायिक स्टाम्प पेपर पर आवश्यक वचन पत्र अपलोड किया जाये विद्यालय प्रबंधन सत्र 2024-25 में विद्यालय प्रवेश प्रारम्भ तिथि एवं प्रक्रिया, विद्यालय में उपयोग में लायी जाने वाली पाठ्य पुस्तकें, स्टेशनरी, पठन सामग्री, बैग, यूनीफॉर्म, स्पोर्ट्स किट ट्रांसपोर्ट सुविधा, फीस प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से संग्रहित की जाने वाली धनराशि का मदवार विवरण विद्यालय के नोटिस बोर्ड तथा आधिकारिक वेबसाइट पर 03 दिवस के भीतर प्रदर्शित करना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा विद्यालय प्रबंधन सत्र 2024-25 हेतु विवरण पुस्तिका एवं प्राप्ति के संबंध में आवश्यक जानकारी सूचना पटल एवं आधिकारिक वेबसाइट पर 03 दिवस के भीतर प्रदर्शित करना सुनिश्चित किया जाये। छात्र या अभिभावक पुस्तकें, यूनीफॉर्म एवं अन्य खुले बाजार से किन विक्रेताओं से क्रय कर सकते है, उन सभी विक्रेताओं के नाम उनके पते सहित उपलब्ध करायें। सम्पूर्ण पुस्तकों का सेट न चाहने पर फुटकर पुस्तक विक्रेता द्वारा उपलब्ध करायी जा रही है, इसका भी प्रमाण पत्र दिया जायें। उन्होंने कहा इस आशय का प्रमाण पत्र दिया जाये कि यूनीफॉर्म को छोड़कर किसी भी सामग्री पर विद्यालय का नाम उल्लिखित नहीं किया गया है। विद्यालय प्रबंधन इस आशय का प्रमाण पत्र भी दें कि निर्धारित यूनीफॉर्म में तीन वर्षो के पश्चात ही किसी भी प्रकार का परिवर्तन किया जाता है।

## खबर संक्षेप

### प्रथम रेण्डमाईजेशन संपन्न

**दमोह।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भोपाल द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुक्रम में, आयोग द्वारा अधिकृत सॉफ्टवेयर के माध्यम से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर की अध्यक्षता में लोकसभा संसदीय क्षेत्र 07-दमोह के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र 54-पथरिया, 55-दमोह, 56-जबेरा एवं 57-हटा (अजा) में मतदान कर्मियों के रूप में सम्मिलित पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी नं 1,2,3 का ‍प्रथम रेण्डमाईजेशन‍ न्यू व्ही.सी. रूम एन.आई.सी. दमोह में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम, सहायक नोडल अधिकारी डीआईओ, एनआईसी योगेन्द्र सिंह ठाकुर, सहायक नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी डीआईओ, ए.ई. पी.एच.ई. उपस्थित रहे।

### दूध एजेंसी का किया गया औचक निरीक्षण

**दमोह ।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत डी.ओ. खाद्य सुरक्षा प्रशासन राकेश अहिरवाल के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी बुधौलिया ने दमोह में ग्राम हिरदेपुर, सागर नाका स्थित देवेंद्र पांडे दूध एजेंसी प्रो. देवेंद्र पांडे का निरीक्षण कर मौके पर विक्रय हो रहे देवश्री ब्रांड दूध एवं दही के नमूनें जांच हेतु लिए। उक्त प्रतिष्ठान में फ़ूड लाइसेंस परिसर में स्पष्ट रूप से प्रदर्शित पाई गई है।

### सात दिनों में दस नामांकन पत्र हुये जमा, आज मुख्यमंत्री करेंगे रोड शो

# आज नामांकन का अंतिम दिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

दमोह। लोकसभा चुनाव को लेकर 28 मार्च से नाम निर्देशन फार्म जमा करना प्रारंभ हुये थे जो आज 4 अप्रैल दोपहर तीन बजे तक जमा किये जायेगे। सात दिनों मे कुल 10 नामांकन पत्र जमा हुये है। 3 मार्च को सबसे अधिक 8 नामांकन पत्र जमा हुये है। बुधवार को रिटर्निंग आफीसर के समक्ष आठ नाम निर्देशन पत्र दाखिल हुआ है। इसमें राहुल सिंह ने भारतीय जनता पार्टी, राकेश कुमार सिंह निर्दलीय, नीलेश सोनी निर्दलीय, वेदराम कुर्मी निर्दलीय, गोवर्धन राज बहुजन समाज पार्टी, विजय भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, मनु सिंह भारत आदिवासी पार्टी एवं राजेश गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने अपना नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया। आज अंतिम दिवस मुख्यमंत्री व प्रदेश अध्यक्ष भाजपा प्रत्याशी का नामांकन भरवायेंगे एवं आमसभा को संबोधित करेंगे। इसके साथ ही अन्य दल भी आज नामांकन के अन्य सेट जमा करने पहुंचेगे। 05 अप्रैल को नामांकन पत्रों की स्कूटनी होगी और 08 अप्रैल तक नाम वापिस लिये जा सकेंगे। इस प्रकार नामांकन की संपूर्ण प्रक्रिया है, वह 28 मार्च से 08 अप्रैल तक संपन्न होगी। लोकसभा चुनाव को लेकर दोनो ही प्रमुख दलों ने अपनी पूरी ताकत प्रचार में झोंक दी है। मंगलवार को जहां कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दमोह पहुंचे थे तो वहीं आज गुरूवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव सहित कई बड़े नेता दमोह में भाजपा प्रत्याशी राहुल सिंह का नामांकन जमा करवायेंगे। इसके साथ ही दमोह में एक बड़ा रोड शो भी होगा।

### किन्नर दुर्गा मौसी ने भरा नामांकन

कटनी से आई किन्नर दुर्गा मौसी अपना नामांकन गुरुवार को दाखिल करेंगी. बुधवार को वह अपनी साथियों के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय पहुंचीं और नाम निर्देशन पत्र लिया. मीडिया से बातचीत में किन्नर दुर्गा मौसी ने बताया वह कटनी के एक गांव से 7 साल तक सरपंच रही हैं. वर्तमान में वह जनपद सदस्य भी हैं. वह जनता की सेवा करना चाहती हैं, उनके मन में कोई लोभ लालच नहीं है. इसलिए वह चुनाव लड़ेंगी। दुर्गा मौसी का कहना है दमोह की जनता की मांग थी, उन्होंने मुझे बुलाया है. इसलिए मैं यहां पर चुनाव लड़ने के लिए आई हूं।

### दोपहर 2 बजे से मुख्यमंत्री व प्रदेश अध्यक्ष का रोड शो



**दमोह।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष एड प्रीतम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि दमोह लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राहुल सिंह 4 अप्रैल को अपना नामांकन दाखिल करेंगे, जिसमें प्रमुख रूप से मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा, दमोह के लोकप्रिय विधायक पूर्व वित्त मंत्री जयंत मलैया सहित कई और लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत सभी विधान सभा क्षेत्र विधायक और पार्टी के ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में नामांकन दाखिल किया जायेगा और रोड शो का आयोजन किया जाएगा। जिला मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र सिंह परिहार और सह प्रभारी महेन्द्र जैन ने बताया कि रोड शो तीन गुल्ली से दोपहर 2 बजे प्रारंभ होकर स्टेशन चौराहा, घंटाघर, अंबेडकर चौक होते हुए जिला भाजपा कार्यालय पहुंचेगा,जहां पर आभार सभा का आयोजन किया जाएगा। पार्टी विचारधारा के सभी ज्येष्ठ कार्यकर्ता बंधु जगह जगह प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के प्रथम नगर आगमन पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जाएगा।

### विजय यादव ने भरा नामांकन



**दमोह।** लोकसभा सीट से भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के प्रत्याशी विजय पटेल ने हजारों की संख्या में अपने समर्थकों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंच करके नामांकन दाखिल किया। बड़ी संख्या में भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के कार्यकर्ता जटाशंकर के पास पहुंचे जहां पर भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौरभ द्विवेदी जी का आगमन हुआ। सभी ने उनका जोरदार स्वागत किया। इसके पश्चात रैली के रूप राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के साथ प्रत्याशी विजय पटेल ढोल नगाड़ों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौरव द्विवेदी ने कहा दमोह लोकसभा को भ्रष्टाचार मुक्त एवं नशा मुक्त के प्रमुख मुद्दे के साथ हम मैदान में उतरे हैं। बेरोजगारी शिक्षा स्वास्थ्य महिला सुरक्षा के मुद्दों को लेकर हम चुनाव लड़ रहे हैं। हम भय भूख भ्रष्टाचार से मुक्त समाज का निर्माण करना चाहते हैं।

# दुर्घटना में पति की मौत की जानकारी मिलते ही पत्नि ने फांसी लगाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पटेरा

पटेरा पुलिस थाना अंतर्गत ग्राम बेला के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से बाईक सवार महेन्द्र पटेल की स्थल पर ही मौत हो गई। यह जानकारी जैसे ही मृतक के ग्राम पाला में निवासरत परिजनों को पहुंची तो सभी लोग जहां मातम मनाने लगे तो वहीं पत्नि देवी बाई 29 वर्ष ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी मिलते ही पुलिस ने दो अलग अलग मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है। क्षेत्र का प्रभावी परिवार पूर्व जनपद सदस्य बलराम पटेल के सुपुत्र राजू के पुत्र व पुत्र वधू की मौत पर समूचे क्षेत्र में शोक व्याप्त है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है। इस घटना के बाद से गांव में शोक का माहौल व्याप्त है।

# मुनि पुंगव सुधा सागर जी आज पहुंचेगे कुण्डलपुर



**दमोह।** संत शिरोमणि आचार्य गुरूवर श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य पूज्य मुनि पुंगव श्री सुधा जी महाराज का बुधवार को हटा से विहार हुये जिसके बाद शाम बमुरिया ग्राम में में रात्रि विश्राम हुआ। आज सुबह पटेरा नगर में उनकी भव्य अगवानी की जायेगी एवं आहार चर्या के पश्चात कुण्डलपुर की ओर विहार होगा। आज मुनि श्री के कुण्डलपुर प्रवेश के लिये पूरे देश से श्रद्धालु कुण्डलपुर पहुंच रहे है । कुण्डलपुर कमेटी के साथ ही विभिन्न स्थानो से पहुंचे श्रद्धालुओं ने गुरूवर के मंगल प्रवेश को ऐतिहासिक बनाने के लिये पटेरा से कुण्डलपुर तक रास्ते भर में आकर्षक सजावट की गई है। कुण्डलपुर एक से बढ़कर एक दृश्य आज मुनि पुंगव श्री सुधा सागर जी की अगवानी के दौरान देखने को मिलेंगे।

# चांदी के विमान में विराजमान कर निकाली गई भगवान आदिनाथ की भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया





जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान का जन्म कल्याणक महामहोत्सव पथरिया नगर में बड़े ही हर्षोल्लास धूमधाम से मनाया गया जिसमें प्रातः काल श्री जी की शोभा यात्रा श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से 7 बजे प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों बण्डा तिगड्डा, संजय चौराहा से होकर श्री पारसनाथ दिगम्बर जैन बड़े मंदिर जी पहुँची, उसके बाद बापिस होकर विमान आदिनाथ मंदिर जी में प्रवेश हुआ। नगर में विराजमान आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी के शिष्य मुनि श्री 108 पद्मसागर जी महाराज के मुखारविंद से मंगल प्रवचन हुए जिसमे मुनि श्री ने भगवान की महिमा का गुणगान करते हुए बताया जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ का जन्म उत्तरप्रदेश के अयोध्या नगर में हुआ था उनके पिता का नाम राजा नाभि राय और माता का नाम रानी मरू देवी था। आदिनाथ भगवान का जन्म आज से 84 लाख वर्ष पूर्व हुआ भगवान की लंबाई 500 धनुष थी लगभग 15 सौ मीटर। राजा ऋषभ देव के भरत चक्रवर्ती और बाहुबली आदि सौ पुत्र हुए और ब्राराह्मी वही एवं सुंदरी नाम की दो बेटियां थी ,मुनि श्री अंत में सभी से 16 तारीख में कुंडलपुर तीर्थ पर होने जा रहे आचार्य पदारोहण दिवस में पहुंचने और पुण्य प्राप्ति के लिए वहा पहुंचने के भी निर्देश दिए। प्रवचन के उपरांत अभिषेक और शांतिधारा मुनि श्री के मुखारविंद से सम्पन्न हुई जिसमें सभी जैन समाज के सभी व्यक्तियों की उपस्थिति रही, श्री जी की शोभायात्रा आदि समपन्न होने तक सभी जैन समाज पथरिया के प्रतिष्ठान बंद रहे शोभायात्रा बहुत ही भव्य तरीके से निकली गयी जिसमे दिव्यघोष, शहनाई, ढोल नगाड़ों, सांस्कृतिक भजनों के गायन द्वारा भव्यता से आदिनाथ जयंती मनाई गई।

# तालाब में दिखा 7 फीट लंबा मगरमच्छ

### देर शाम तक खोजती रही वन विभाग की टीम, पानी अधिक होने से नही दिखा मगरमच्छ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बनवार



तेजगढ़ रेंज के अंतर्गत जंप जबेरा की ग्राम पंचायत बीजाडोंगरी से करीब 500मीटर दूर पहाड़ी के उस पार दो दशक पुराने सार्वजनिक तालाब के घाट के पास 7 फीट का मगरमच्छ ग्रामीणों को दिखाई देते ही ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्राम की भागवत सिंह लोधी ने मगरमच्छ को जैसे ही तालाब के घाट के पास दिखते ही अपने मोबाइल से वीडियो फोटो बना ली और रेंजर नीरज पांडे को इसकी सूचना दी गई। इसके बाद भेंसखार बीट गार्ड सुरेंद्र अहिरवार चौकीदार भजन सिंह राजू यादव वन विभाग का अमला बीजा डोंगरी तालाब पहुंचा। ग्रामीणों ने बताया उन्होंने आज सुबह तालाब में तकरीबन 7 फीट लंबा मगरमच्छ को बैठे देखा और कुछ देर बाद आहट सुनते ही तैरते हुए तालाब के पानी में डूब गया और फिर दिखाई नही दिया। मौके पर पहुंची वन विभाग के अमले के घंटों इंतजार के बाद भी मगरमच्छ के दर्शन नहीं हो सके और पानी अधिक होने की बजह से मगरमच्छ को पकड़ा भी नहीं जा सका। लोगों ने बताया मगरमच्छ सुबह और शाम तालाब से निकलकर घाट व तालाब में निकले पठार पर बैठा हुआ दिखाई देता है। वन विभाग की रेस्क्यू टीम ने बताया की तलाब का क्षेत्रफल बड़ा है और गहराई अधिक है। इसके वजह से देखा पाना मुश्किल है। मगरमच्छ पर नजर रखी जाएगी और ग्रामीणों को भी तालाब से दूर रहकर सतर्क रहने की हिदायत दी गई है। बता दें ग्राम से 500 मीटर दूर पहाड़ी के उस पर यह तालाब है जिसमें ग्रामीणों ने बताया पहले तो तीन मगरमच्छ थे। लेकिन दो गायब हैं एक फीट लंबा मगरमच्छ आज सुबह-सुबह दिखाई दिया है। तालाब गांव के समीप सार्वजनिक उपयोगी है। जहां पर बच्चों महिलाओं पुरुष नहाने के लिए जाते है। गर्मियों के समय तालाब में 6 से 7 फीट पानी भरा हुआ है। और बड़े क्षेत्रफल में फैले इस तालाब कहीं पानी नहीं और खाली पठार निकल आया है। जहां मगरमच्छ तालाब के पानी से बाहर निकलकर बैठा रहता है। कभी-कभी तो घाट पर भी बैठा दिखाई देता है। सार्वजनिक घाटों पर चार से पांच मगरमच्छ निरंतर दिखाई दे रहे हैं। जिनकी दहशत में ग्रामीणों ने तालाब जाना तक बंद कर दिया। ग्रामीणों तालाब के जल का उपयोग करने से डर लग रहा, क्योंकि जलचरों का इस तरह से लोगों की चहल-पहल वाले क्षेत्र में चहलकदमी करना व घाट पर बैठे रहना आम लोगों सहित मवेशियों को खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने तालाब से मगरमच्छ को बाहर निकलकर नदी में छोड़ने की मांग वन विभाग से की है। डीएफओ महेंद्र सिंह उईके ने बताया कि बीजा डोंगरी तालाब में मगरमच्छ दिखाई देने की सूचना प्राप्त हुई थी। तत्काल तेजगढ़ रेंजर को निर्देशित किया गया था मौके पर टीम भी पहुंची थी लेकिन पानी अधिक होने की वजह से मगरमच्छ दिखाई नहीं दिया। मैंने रेंजर को निर्देशित किया है लगातार नजर बनाए रखें जैसे ही मगरमच्छ दिखाई देता है और रेस्क्यू करने की स्थिति बनती है। तत्काल रेस्क्यू करके सिंगोरगढ़ जलाशय छोड़ा जाए।

# भगवान आदिनाथ जयंती पर किया सकोरों का वितरण





**दमोह।** जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा क्षेत्र क्रमांक 10 द्वारा जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभ नाथ जन्म ऐवं तप कल्याण के पावन अवसर पर स्थानीय जैन धर्मशाला परिसर में परम पूज्य आर्यिका रत्न गुरुमति माता जी ध्रण मती माता जी आर्यिका रत्न अनंत मति माताजी आदि 56 माता जी के संपूर्ण संघ के सानिध्य में श्री जी की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें जैन समाज के साथ ही जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा दमोह के सभी वीर वंधुओ ने सहभागिता की तदपश्चात श्रीजी का अभिषेक करने का सौभाग्य भी वीर वंधुओ को प्राप्त हुआ। तदपश्चात भीषण गर्मी एवं धूप को देखते हुए जीव दया की भावना से मिट्टी के सकोरों का वितरण किया गया। उक्त जानकारी देते हुए शाखा के अध्यक्ष अरुण जैन कोर्ट ने बतलाया की इस समय दमोह का तापमान बहुत अधिक है ऐसे में पक्षियों का प्यास से व्याकुल होना स्वाभाविक है। और हम सभी पर्यावरण प्रेमी इस गर्मी में पक्षियों की समस्या को समझ सकते हैं और ऐसा सोचकर शाखा द्वारा आज सकोरों का वितरण किया गया। शाखा के मंत्री मुकेश जैन मामा ने बतलाया प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी 100 से अधिक सकोरों का वितरण आज शाखा द्वारा किया गया है। पानी ठंडा रहे इसका ध्यान रखते हुए विशेष मिट्टी से बनाये हुए सकोरों का वितरण किया गया है। और यदि सभी भगवान आदिनाथ के भक्त अपने जीवन में जीवदया को अंगीकार करें तो भगवान आदीनाथ जन्मकल्याणक महोत्सव मनाना सफ़ल हो जायेगा। इस आयोजन में सुधीर जैन डवलू, जिनेंद्र जैन उस्ताद ,आनंद जैन बीएसएनल, दिलेश जैन चौधरी, संतोष अविनाशी, शैलेंद्र बजाज, राजेश ओशो, शैलेंद्र मयूर ,सुबोध बजाज ,विकास जैन रेलवे ,राकेश पालंदी ,आलोक पालंदी अवध जैन ,जवाहर जैन, महेश दिगंबर ,शैलेंद्र सराफ, सवन सिल्वर, राजेश हिनौती ,अखिलेश पंडितज्ञ जी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे कार्यक्रम का आभार शाखा की कोषाध्यक्ष सत्येंद्र जैन ने व्यक्त किया।

### भगवान आदिनाथ का जन्म कल्याणक मनाया

**कुंडलपुर।** सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र जैन तीर्थ कुंडलपुर में जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान श्री आदिनाथ जी का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य भगवन श्री विद्यासागर जी महाराज के कुंडलपुर में बड़ी संख्या में विराजमान शिष्यों के सानिध्य में भगवान आदिनाथ का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव मनाने का मंगल अवसर प्राप्त हुआ। प्रातः प्रभात फेरी निकाली गई। भक्तांमर महामंडल विधान, पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक ,शांति धारा, पूजन ,आदिनाथ विधान हुआ। परम पूज्य मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज के मुखारविंद से शांति धारा का वाचन किया गया । कुंडलपुर में विराजमान सभी साधु जनों की आहारचर्या संपन्न हुई । सायंकाल भक्तांमर दीप अर्चना , पूज्य बड़े बाबा की महाआरती हुई। मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज का लोकप्रिय चर्चित कार्यक्रम शंका समाधान का सीधा प्रसारण किया गया। जिसमें लोगों ने अपनी अपनी शंकाओं का समाधान पाया।

### न्यायिक कर्मचारी संघ ने किया विदाई समारोह का आयोजन

**दमोह।** न्यायिक कर्मचारी संघ दमोह द्वारा स्थानांरित हुये न्यायिक अधिकारियों का विदाई बेला के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वागत बेला के दौरान सर्वप्रथम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती रेणुका कंचन सहित स्थानांतरित हुये समस्त न्यायिक अधिकारीगण अपर जिला न्यायाधीश श्रीमती रजनी प्रकाश बाथम, अम्बुज पांडेय, न्यायिक मजिस्ट्रेट सु श्री नुपूर तिवारी, सु श्री रूही हाजमी का न्यायिक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार स्वामी, उपाध्य क्ष आलोक ठाकर, सचिव डोनाल्ड मसीह, सह सचिव गनेश सिंह, कुलदीप चाचौदिया, प्रचार सचिव अरूण जैन, उप प्रचार सचिव शकील खान, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष जितेन्द्र यादव द्वारा पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। तत्पश्चात न्यायिक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार स्वामी द्वारा स्वागत भाषण दिये गये जिसमें उन्होंने प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा अपने कार्यकाल के दौरान कर्मचारियों के हित में किये गये समस्त कार्यों के लिये आभार व्यक्त किया गया। तत्पश्चात प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती रेणुका कंचन द्वारा उद्बोधन में कर्मचारियों के हित में किये गये कार्यों को अपना दायित्व होना बताते हुये समस्त कर्मचारियों को अपना स्नेह प्रदान किया गया। कार्याक्रम का संचालन संघ के सचिव डोनाल्ड मसीह द्वारा किया गया एवं अंत में आभार प्रदर्शन संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार स्वामी द्वारा किया गया।